GL BAJAJ
Group of Institutions
Mathura
FIND YOUR SPARK
Approved by AICTE & Affiliated to AKTU

Ref.: GLB/RO/2021/032 Date: 12.07.2021

# NOTICE

## [Instructions regarding Online University Exam (Regular + Carryover), Even Sem. 2020-21]

**All Students**

This is in reference to the University letter vide ref. no. ए०के०टी०यू० / प०नि०का० / 2021 / 4740 dated 08.07.2021 and ref. no. ए०के०टी०यू० / प०नि०का० / 2021 / 4755 dated 10.07.2021.

All students are directed to read the instructions (as attached) carefully and appear in the University Exam and/or Mock Test Accordingly.

12.07.2021
Vipin Dhiman
Registrar

Copy, for information, to –

1. Director
2. Dean – Student Welfare
3. HoDs
4. Exam Cell
5. Institute Website

अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिकविश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ०प्र०-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2021/4755 दिनांकः 10 जुलाई, 2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त छात्र
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं को ऑन–लाइन मोड में कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2021 / 4740 दिनांक 08 जुलाई, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के क्रम में निर्धारित नियमों के अतिरिक्त निम्न आवश्यक नियम का पालन भी किया जाना आवश्यक है, जो निम्नवत् है:

1. ऑन–लाइन परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले परीक्षार्थी द्वारा पंजीकरण के उपरान्त केवल एक बार ही मॉक टेस्क दिया जायेगा, यदि किसी छात्र का इंटरनेट अथवा अन्य किसी तकनीकी कारणवश मॉक टेस्ट में सम्मलित नहीं हो सका है, तो ऐसी सभी छात्रों को मॉक टेस्ट में प्रतिभाग करने हेतु परीक्षा से पूर्व एक अवसर दिया जायेगा।
2. ऑन–लाइन परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले परीक्षाथियों द्वारा प्राथमिकता पर लैपटाप / कम्प्यूटर के माध्यम से परीक्षा देने की सलाह दी जाती है, चूंकि मोबाइल के माध्यम परीक्षा देने पर मोबाइल फोन में मौजूद अन्य App (whatsapp, facbook, twitter, instragram etc.) के अत्यधिक नोटिफिकेशन आने के कारण छात्र / छात्राओं को परीक्षा के समय व्यवधान उत्पन्न के साथ–साथ अनावश्यक समय नष्ट होगा एवं Warning messages generate होंगे।
3. ऑन–लाइन परीक्षा हेतु केवल अन्तिम सेमेस्टर के परीक्षाथियों के पंजीकरण हेतु निर्धारित तिथि को (दिनांक 12.07.2021 से 18.07.2021) कतिपय छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म न भर पाने के दृष्टिगत परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि विस्तारित किये जाने के दृष्टिगत केवल अन्तिम सेमेस्टर के परीक्षार्थी अब **दिनांक 13.07.2021 से दिनांक 18.07.2021 तक** पंजीकरण करवा सकेंगे तथा अन्य सभी वर्षो के छात्रों का पंजीकरण उक्त पत्र के बिन्दु 13 के अनुसार की पंजीकरण करेगे।
4. ऑन–लाइन परीक्षा हेतु सभी छात्रो का पंजीकरण निर्धारित तिथि तक किया जाना आवश्यक है। यदि किसी भी छात्र द्वारा पंजीकरण नहीं किया जाता है, तो ऐसे सभी छात्र उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं किये जा सकेंगे।
5. ऑन–लाइन परीक्षा हेतु छात्रो के पंजीकरण के दौरान पंजीकरण पोर्टल पर विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये हेल्पलाइन नम्बर को प्रत्येक छात्र / छात्राओं द्वारा नोट करना अनिवार्य होगा। जिससे कि किसी भी तकनीकी समस्या का समाधान दिये गये हेल्पलाइन पर किया जा सकेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi
10.07.21

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक